भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.12.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3879 का उत्तर

रेल ऊपरी पुलों का निर्माण

3879. श्री विवेक नारायण शेजवलकरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्वालियर शहर में तानसेन-मेला रेसकोर्स, बिरला नगर, मालगढ़ा चौराहा, ए.जी. कार्यालय के पीछे हरिशंकरपुरम में अप्रैल 2019 से चार निर्माणाधीन रेल ऊपरी पुलों के कार्य के रुकने के क्या कारण हैं;

(ख) उक्त कार्य को समय पर पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या ग्वालियर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में रेल अधोगामी पुलों में वर्षा जल निकास के उचित प्रबंध नहीं हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या भारी वर्षा के दौरान पूरा दिन यातायात बाधित रहता है; और

(ङ) यदि हां, तो रेल अधोगामी पुलों में जल जमाव की समस्या के समाधान के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

रेल ऊपरी पुलों का निर्माण के संबंध में दिनांक 11.12.2019 को लोक सभा में श्री विवेक नारायण शेजवलकर के अतारांकित प्रश्न संख्या 3879 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): जी नहीं। 3 निर्माणाधीन ऊपरी सड़क पुलों (आरओबी) का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

तानसेन रोड-मेला रेसकोर्स: इस कार्य को 2018-19 में निक्षेप शर्त के आधार पर स्वीकृत किया गया है। रेलवे के हिस्से पर निर्माण कार्य, रेलवे द्वारा और पहुंच मार्गों पर राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। रेलवे के हिस्से का कार्य और पहुंच मार्ग के हिस्से का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

बिरला नगर और मालगढ़ चौराहा आरओबी: बिरला नगर में समपार (एलसी) संख्या 426 और मालगढ़ चौराहा में समपार (एलसी) संख्या 427 पर दो ऊपरी सड़क पुलों के निर्माण कार्य राज्य सरकार के साथ लागत में भागीदारी के आधार पर 2016-17 में स्वीकृत किया गया है। रेलवे के हिस्से पर निर्माण कार्य, रेलवे द्वारा और पहुंच मार्गों पर राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। रेलवे के हिस्से का कार्य और पहुंच मार्ग के हिस्से का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

हरिशंकरपुरम आरओबी: ए.जी. कार्यालय के पीछे हरिशंकरपुरम के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल के निर्माण का कार्य अम्ब्रेला वर्क के अंतर्गत 2019-20 के बजट में स्वीकृत किया गया है।

(ख): सामान्यत:, रेलवे अपने हिस्से में आरओबी का निर्माण करती है जबकि पहुंच मार्गों का निर्माण राज्य सरकार द्वारा करवाया जा रहा है। सामान्यत:, रेलवे के हिस्से में आरओबी के निर्माण में कोई समस्या नहीं होती। तथापि, पहुंच मार्गों पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों का निर्माण कठिन है क्योंकि यह भूमि की उपलब्धता, अतिक्रमण हटाने, पहुंच मार्गों का संरेखण निर्धारित

करने, अपेक्षित धनराशि का आबंटन आदि जैसे बहुत से कारकों पर निर्भर करता है। अतः ऊपरी/निचले सड़क पुलों संबंधी परियोजनाओं के निर्माण के लिए समय निर्धारित करना संभव नहीं है।

(ग) से (ङ): रेलवे द्वारा सबवे के अपने हिस्से में जल निकासी की व्यवस्था कर दी गई है ताकि उन्हें मानसून के दौरान चालू रखा जा सके। मानसून के दौरान, जल भराव से बचने के लिए आवश्यक सम्प और पंप की व्यवस्था कर दी गई है।

******